अर्णव का असर, लुढ़का दिन का पारा, वर्षा के आसार

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चक्रवाती तूफान अर्णव के असर से प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाने लगे हैं। जिसके चलते बुधवार को दिन के तापमान में एक से लेकर तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। सतना एवं उमरिया में हल्की वर्षा भी दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक गुरुवार को रीवा, शहडोल, जबलपुर, भोपाल, उज्जैन,इंदौर, ग्वालियर, चंबल संभाग के जिलों में तेज रफ्तार से हवाएं चलेंगी। गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान पूर्वी मध्य प्रदेश में कई स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। मौसम का इस तरह का मिजाज एक-दो दिन तक बना रह सकता है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक गंभीर चक्रवाती तूफान अर्णव बुधवार सुबह आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए कमजोर पड़ने के बाद शाम तक यह तीव्र

रीवा, शहडोल, जबलपुर में कहीं-कहीं भारी वर्षा की संभावना

चक्रवाती तूफान के रूप में था। गुरुवार सुबह तक इसके उत्तरी, उत्तर-पश्चिमी दिशा में आगे बढ़ते हुए अवदाब के रूप में छत्तीसगढ़ की तरफ पहुंचने की संभावना है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बना हुआ है।

पश्चिमी विक्षोभ जम्मू और उसके आसपास चक्रवात के रूप में मौजूद है। एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय हो गया है। मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि चक्रवाती तूफान अर्णव के उत्तर, उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़कर गुरुवार को छत्तीसगढ़ पहुंचकर अवदाब के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। उसके प्रभाव से रीवा, शहडोल, जबलपुर संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है। शेष क्षेत्रों में भी गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं।



करवा चौथ आज, पूर्ण क्षितिज में रात्रि 8:42 पर होगा पवित्र चंद्रमा का उदय

नप्र, भोपाल : करवा चौथ का पर्व गुरुवार को श्रद्धा और उमंग से मनाया जाएगा। यह व्रत सभी सुहागिनों के लिए पूर्ण रूप से फलदायी है। ज्योतिष मठ संस्थान के पंडित विनोद गौतम ने बताया कि इस दिन किसी भी प्रकार का भद्रा दोष नहीं है। भद्रा प्रात:काल में ही समाप्त हो जाएगी। कर्मकाल के समय चंद्रमा का भू-पृष्ठीय उदय रात्रि 8:40 पर होगा। जो अलग-अलग शहरों में स्थानीय समय के अनुसार कुछ मिनट आगे-पीछे दिखाई देगा। भोपाल में चंद्रोदय रात्रि 8:24 बजे होगा।

बादलों के कारण चंद्रदेव के दर्शन में हो सकता है व्यवधान

पहली बार व्रत रखने वाली सुहागिनों को शुक्र के अस्त होने के भ्रम में नहीं पड़ना चाहिए। परम्परागत वैदिक गणना वाले वाराणसी, जबलपुर, भोपाल आदि के सभी पंचांगों में शुक्र का उदय 28 अक्टूबर को प्रात: 7:40 बजे ही हो जाएगा। शुक्र के उदय होने से वर्षा के योग बनेंगे, जिससे कई शहरों में बादल, बूंदाबांदी के कारण चंद्र दर्शन में विलंब हो सकता है। यही वर्षा शुक्र उदय का प्रमाण भी होगी। बता दें कि वर्तमान में चक्रवाती तूफान अर्णव के असर से ही बादल छाने लगे हैं। गुरुवार को भी बादल बने रहने से चंद्रदेव के बादलों की ओट में रहने की संभावना है।

नवविवाहिता ने फांसी लगाई

नप्र, भोपाल : अशोका गार्डन थाना इलाके में मंगलवार शाम एक नवविवाहिता ने अपने घर में फांसी लगा ली। उधर स्टेशन बजरिया क्षेत्र में भी एक युवक ने खुदकुशी कर ली।

अशोका गार्डन थाना पुलिस के मुताबिक 24 वर्षीय कुंती पत्नी जितेंद्र अहिरवार सेमरा में रहती थी। मंगलवार शाम करीब सात बजे उसने अपने घर में फांसी लगा ली। परिवार के लोग उसे लेकर फंदे से नीचे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां कुछ देर बाद ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन से मिली सूचना पर पुलिस ने शव जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नवविवाहिता के खुदकुशी मामले की जांच एसीपी द्वारा की जाएगी। उधर स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र के कैलाश नगर में रहने वाले 40 वर्षीय मनोज श्रीवास्तव ने मंगलवार रात सवा आठ अपने घर में फांसी लगा ली। तलाशी के दौरान किसी किसी तरह का कोई सुसाइड नहीं मिला है। इस वजह से फिलहाल खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

दोपहिया वाहनों से शराब की अवैध आपूर्ति, दो पकड़े

होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर आबकारी विभाग की दबिश, अवैध शराब के सेवन के 10 से अधिक प्रकरण दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में अवैध शराब की आपूर्ति और सेवन के खिलाफ आबकारी विभाग ने मंगलवार-बुधवार की रात कार्रवाई की।

इस दौरान एक्टिवा और जूपिटर दोपहिया वाहनों से शराब का अवैध परिवहन करने वाले दो लोगों को पकड़ा गया। उनके कब्जे से अवैध शराब जब्त की गई। इसके अलावा होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों पर जांच कर अवैध रूप से शराब पिलाने के 10 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए।

आबकारी नियंत्रक वर्षा उइके ने बताया कि सहायक जिला आबकारी अधिकारी अर्चना जैन की टीम ने घोड़ा नक्काश निवासी चंचल साहू को एक्टिवा से अवैध शराब का परिवहन करते पकड़ा। उसके घर की तलाशी लेने पर विदेशी शराब की 15 बोतलें भी मिलीं।

इसी तरह सहायक जिला आबकारी अधिकारी शरद मिश्रा की टीम ने पीएंडटी चौराहे के पास जूपिटर वाहन से शराब की अवैध आपूर्ति करते एक व्यक्ति को पकड़ा। उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।

बैरागढ़ और करोंद क्षेत्र में भी कार्रवाई

सहायक जिला आबकारी अधिकारी प्रीति उइके ने बैरागढ़ क्षेत्र में, जबकि उप निरीक्षक स्वाति बघेल ने करोंद क्षेत्र के होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में जांच की। इस दौरान संचालकों और शराब के अवैध सेवन से जुड़े मामलों में 10 से अधिक प्रकरण दर्ज किए गए। सहायक आबकारी आयुक्त वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि विभाग की टीमें प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही हैं।

शादी का भरोसा देकर नर्स से दुष्कर्म का आरोप, मामला दर्ज

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में 35 वर्षीय नर्स ने उत्तर प्रदेश निवासी युवक पर शादी का भरोसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर मंगलवारा पुलिस ने आरोपित मोहम्मद असद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और भोपाल के एक निजी नर्सिंग होम में नर्स के रूप में काम करती है। वह पुराने भोपाल में अपने परिवार के साथ रहती है। आरोपित भी उत्तर प्रदेश का निवासी है। दोनों के बीच शादी को लेकर बातचीत चल रही थी।

महिला ने पुलिस को बताया कि घटना 29 दिसंबर 2025 की है। आरोप है कि मोहम्मद असद ने उसे मिलने के लिए एक होटल में बुलाया था। वहां शादी की बात कही और विरोध करने पर उसे कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। महिला के अनुसार, आरोपित ने उस समय शादी करने का भरोसा दिया था।

होटल में बंधक बनाकर जबरदस्ती करने की शिकायत

शादी से इनकार और उधार की रकम नहीं लौटाने का भी आरोप

पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने जरूरत बताकर उससे कुछ रकम उधार ली थी, लेकिन बाद में उसे वापस नहीं किया। इसके बाद उसने शादी करने से इनकार कर दिया और महिला से संबंध खत्म कर लिए।

शादी से इनकार किए जाने के बाद पीड़िता मंगलवार रात मंगलवारा थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है और आरोपित की तलाश जारी है। फिलहाल आरोपों की जांच के बाद ही मामले की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

कॉलेज छात्रों के विवाद में पिस्टल तानी

इंद्रपुरी चौराहे के रेस्टोरेंट में हुई घटना सीसीटीवी में कैद

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित इंद्रपुरी चौराहे पर कॉलेज छात्रों के बीच चल रहे विवाद में पिस्टल लहराने का मामला सामने आया है।

आरोप है कि एक युवक ने दूसरे छात्र को धमकाने के दौरान बीच-बचाव करने आए पुलिस जवान पर भी पिस्टल तान दी। पूरी घटना रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार, करीब एक सप्ताह पहले टीआईटी कॉलेज के छात्र शिवांशु और पृथ्वीराज सिंह राजपूत के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि उस दौरान पृथ्वीराज के साथियों ने शिवांशु के साथ मारपीट की थी। इसी रंजिश के चलते पृथ्वीराज अपने साथी राज राजपूत के साथ इंद्रपुरी चौराहे स्थित रेस्टोरेंट पहुंचा। आरोप है कि राज राजपूत के पास पिस्टल थी और वह शिवांशु को धमका रहा था। रेस्टोरेंट में मौजूद पुलिस जवान पंकज डेहरिया ने विवाद शांत कराने की कोशिश की, तो आरोप है कि युवक ने उन पर भी पिस्टल तान दी। एसीपी अदिति बी. सक्सेना के अनुसार, दोनों गुटों के बीच विवाद के मामले में मारपीट सहित गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है। आरोपी के पकड़े जाने पर शस्त्र अधिनियम की धारा भी बढ़ाई जाएगी।

सरदार पटेल जयंती पर हिंदी भवन में साहित्यिक व्याख्यान गोष्ठी 31 को

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पटेल प्रवाह समिति के साहित्यिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर व्याख्यान साहित्यिक गोष्ठी 31 अक्टूबर को होगी। अध्यक्ष होशियार सिंह पटेल और संरक्षक श्रीराम माहेश्वरी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार महेश सक्सेना मुख्य अतिथि होंगे और अध्यक्षता करेंगे वरिष्ठ साहित्यकार गौरीशंकर शर्मा गौरीश। दिव्यांगजन विभाग आयुक्त अजय खेमरिया, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत अकादमी संचालक प्रकाश सिंह ठाकुर और वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा विशिष्ट अतिथि होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार गोकुल सोनी सारस्वत अतिथि होंगे। वरिष्ठ साहित्यकार सुनीता यादव संचालन करेंगी। हिंदी भवन में गोष्ठी अपराह्न सवा तीन बजे शुरू होगी।

पैंगोलिन के शल्कों की तस्करी के आरोपी की जमानत तीसरी बार खारिज

नप्र, भोपाल : दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन के शल्कों की तस्करी और अवैध व्यापार के मामले में आरोपी मुकेश कुमार विश्वकर्मा की जमानत याचिका तीसरी बार खारिज कर दी गई है। जबलपुर जिला एवं सत्र न्यायालय ने मामले की गंभीरता और अभियोजन पक्ष की दलीलों के आधार पर यह निर्णय लिया। प्रकरण के सभी आरोपी 12 जून 2026 से जबलपुर जेल में बंद हैं। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की जबलपुर इकाई ने 8 जून 2026 को कटनी जिले के ग्राम झिन्ना पिपरिया में खमतरा-ढीमरखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से करीब 4.4 किलोग्राम पैंगोलिन के शल्क, एक मोटरसाइकिल और एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया था। इस संबंध में वन अपराध दर्ज किया गया। न्यायालय ने विवेचना और अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विचार करते हुए तस्करी को गंभीर और संवेदनशील अपराध माना। न्यायालय के अनुसार, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51(क) के तहत आरोपी को निर्दोष मानने का आधार नहीं मिला। पैंगोलिन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के संशोधित प्रावधानों के तहत अनुसूची-एक में संरक्षित है। इसके शल्कों का अवैध व्यापार वन्यजीव संरक्षण से जुड़ा गंभीर अपराध है।

क्या मंत्री, क्या नौकरशाह, चंदन चोरों के सामने सब असहाय



चंदन चोरों के प्रमुख कारनामे

- 9-10 फरवरी 2017 की दरमियानी रात वन विहार में बाघ और भालू के बाड़े के अंदर लगे चंदन के छह पेड़ चोरी कर लिए गए।
- 8 दिसंबर 2020 पूर्व मंत्री जीतू पटवारी के सूने बंगले से चंदन पेड़ चोरी।
- 12 दिसंबर 2020 तत्कालीन मंत्री गोपाल भार्गव के 74 बंगला स्थित सरकारी बंगले से चंदन का पेड़ चोरी।
- 17 दिसंबर 2020 को चार इमली के डी-सेक्टर स्थित सीपीए के पार्क से चंदन का बड़ा पेड़ चोरी।

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में एक बार फिर सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र में पुलिस के मुखिया के पड़ोसी आईएएस के घर से चंदन का पेड़ चोरी कर लिया। यह पहला मौका नहीं है। चंदन चोर इसके पहले भी विधानसभा परिसर, पुलिस मुख्यालय, मंत्री, आला अधिकारियों के बंगलों पर वारदात को अंजाम दे चुके हैं।

उनके दुस्साहस का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बदमाशों ने वन विहार में बाघ और भालू के बाड़े के अंदर लगे चंदन के पेड़ चोरी कर लिए थे। हबीबगंज थाना पुलिस के मुताबिक अज्ञात लोगों ने सोमवार रात चार इमली में रहने वाले आईएएस अधिकारी विवेक पोरवाल के घर से चंदन का पेड़ चोरी कर लिया।

वारदात पास के बंगले में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पाश इलाके में वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मामले की जांच कर रहे थाना प्रभारी संजीव चौकसे ने बताया कि इस वारदात में अहम सुराग मिल गया है। जल्द ही चोरी की गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

रेलवे स्टेशन पर 700 किलो एनालॉग पनीर जब्त, मुरैना से आया था माल

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली से पहले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने भोपाल में बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के बाहर से 700 किलोग्राम से अधिक एनालॉग पनीर जब्त किया है। यह पनीर ट्रेन के माध्यम से मुरैना से भोपाल लाया गया था। जब्त पनीर की कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई गई है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार रात करीब दो बजे कार्रवाई की। ट्रेन से उतारकर रखे गए पनीर को अधिकारियों ने अपने कब्जे में ले लिया। विभाग ने बिल्टी और बिल के आधार पर प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। बुधवार सुबह तक विभागीय टीम की कार्रवाई जारी रही। मध्य प्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद इसे लेकर यह पहली कार्रवाई बताई जा रही है।

कहां होनी थी पनीर की आपूर्ति

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम अब यह पता लगा रही है कि जब्त पनीर की आपूर्ति कहां की जानी थी। इसकी जांच की जा रही है कि पनीर किस होटल, रेस्टोरेंट या डेयरी में पहुंचाया जाना था। संबंधित स्थान और जिम्मेदार लोगों की जानकारी मिलने के बाद उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

प्रदेश में प्रतिबंधित है एनालॉग पनीर

राज्य सरकार ने करीब तीन महीने पहले मध्य प्रदेश में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाया था। इसे असली दूध से बने पनीर के विकल्प के रूप में तैयार किया जाता है। इसमें दूध की जगह या दूध के साथ वनस्पति वसा, स्टार्च और अन्य सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है।



बाल आश्रम के बच्चों के साथ स्नेह मिलन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नवजीवन सेवा समिति एवं माता महालक्ष्मी अन्नक्षेत्र ने सेवा भारती द्वारा संचालित गांधीनगर स्थित बाल आश्रम में 35 बच्चों के साथ दीपावली पूर्व स्नेह मिलन आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ खुशियां बांटना और उनमें अपनत्व की भावना विकसित करना था।

कार्यक्रम में खेलकूद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इस अवसर पर बच्चों को दीपावली के उपहार और मिठाइयां वितरित की गईं। आश्रम के कर्मचारियों को भी मिठाई भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। अंत में सभी बच्चों को भोजन कराया गया।

समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को सुविधाओं के साथ प्यार, अपनत्व और गुणवत्तापूर्ण समय देना भी जरूरी है। मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के साथ त्योहार मनाना सामाजिक संवेदनशीलता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में तरंग अग्रवाल, विनीता दिवाकर, नेहा गुप्ता, गौरव भार्गव और आश्रम प्रबंधन से मनोज कीर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

त्यौहारों पर अग्निसुरक्षा के कड़े इंतजाम, पटाखा बाजारों में तैनात रहेंगी फायर टीमें

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः दीपावली पर आग की घटनाओं को रोकने के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने पटाखा बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अग्निसुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने सभी कलेक्टरों, नगर निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है।

निर्देशों के अनुसार, प्रमुख बाजारों और पटाखा बिक्री स्थलों के आसपास अग्निशमन वाहन तथा प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात रहेंगे। बिजली के खुले तारों और ओवरलोडिंग की जांच कर खामियों को दूर किया जाएगा। पटाखा दुकानों और बाजारों का नियमित निरीक्षण भी होगा। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पटाखा कारोबारियों को बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मर के नीचे या उनसे सटाकर दुकानें नहीं लगाने की हिदायत दी है। दुकानों की रोशनी के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेना होगा। स्वीकृत क्षमता से अधिक बिजली का उपयोग करने और बिना अनुमति कनेक्शन लेने पर कार्रवाई हो सकती है। पटाखा दुकानों पर अग्निशामक यंत्र, पानी और रेत की व्यवस्था रखना जरूरी होगा। बाजारों में आपातकालीन वाहनों की आवाजाही और निकासी के रास्ते खुले रखने होंगे। नागरिकों को भी बिजली के तारों, खंभों और ट्रांसफार्मर के पास पटाखे चलाने से बचने की सलाह दी गई है।

बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मर के पास दुकान लगाने पर होगी कार्रवाई

सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य

कार्यालय कलेक्टर जिला-भोपाल एवं समुचित सरकार मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

क्रमांक 1547/भू-अर्जन/ 2026 — भोपाल, दिनांक 14/10/2026

घोषणा

प्रकरण क्रमांक 07/अ-82/2025-26

(अंतर्गत धारा-19 भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 क्रं. 30 सन् 2013)

चूँकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है, कि नीचे दी गई अनुसूची क्रमांक (1) में सुठालिया सिंचाई परियोजना तहसील-बैरसिया, जिला-भोपाल के ग्राम बरखेडा कलां के डूब क्षेत्र में प्रभावित होने से प्रकरण में आवश्यक वर्णित भूमि जिसका कृषकवार व सर्वे क्रमांकवार विवरण अनुसूची (2) में उल्लेखित है सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है।

अंतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रं. 30 सन् 2013) की धारा-19 के अंतर्गत यह घोषित किया जाता है कि निम्न वर्णित अनुसूची (2) की भूमि की अनुसूची (1) में अंकित सार्वजनिक प्रयोजनार्थ आवश्यकता है।

अनुसूची (1)

तहसीलः बैरसिया — जिला : भोपाल

सुठालिया सिंचाई परियोजना के अंतर्गत प्रभावित डूब क्षेत्र की भूमि का भू-अर्जन प्रस्ताव, ग्राम बरखेडा कलां

स.क्रं.	विवरण	अर्जित की जाने वाली भूमि का रकबा (हे. में) रकबा
(1)	(2)	(3)
1	सुठालिया सिचाई परियोजना के डूब क्षेत्र में प्रभावित ग्राम बरखेडा कलां की भूमि की आवश्यकता।	0.637
	कुल योगः	0.637

अनुसूची (2)(प्रभावित धारकों की सूची)

स.क्रं.	नाम कृषक, पिता का नाम, जाति ग्राम	सर्वे नंबर	कुल रकबा (हेक्टयर में)	प्रभावित रकबा (हेक्टयर में)	अर्जित भूमि का प्रकार
1	2	3	4	5	6
1	जगन्नाथ पुत्र भंवर जी हि. 1/3 भाग, कनीराम पुत्र भंवर जी हि. 1/3 भाग, गोर्धन पुत्र भंवर जी हि. 1/3 भाग जाति कुडमी पता बरखेडा कलां बैरसिया भोपाल,मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	2/1/1/1	0.688	0.128	कृषि
		कुल 1 किता	0.688	0.128	
2	शान्ती बेवा पन्नालाल जाति कुड़मी पता बरखेडा कलां बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	2/1/1/2	0.687	0.005	कृषि
		कुल 1 किता	0.687	0.005	
3	मोतीलाल पुत्र हरकिशन जाति गूजर पता बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	2/1/2/2	0.687	0.178	कृषि
		कुल 1 किता	0.687	0.178	
4	मूलचंद्र पुत्र मिश्रीलाल जाति कुडमी पता बरखेडा कलां बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	2/1/3	1.376	0.040	कृषि
		कुल 1 किता	1.376	0.040	
5	विजयसिंह पुत्र जयराम सेवा खातेदार जाति बलाही पता भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी अहस्तांतरणीय	54/2	1.412	0.011	कृषि
		कुल 1 किता	1.412	0.011	
6	बबलू पुत्र रामचरन जाति कुडमी पत्ता बरखेडा कलां बैरसिया भोपाल मध्य प्रदेश भूमि स्वामी	52/4	1.376	0.275	कृषि
		कुल 1 किता	1.376	0.275	
	महायोगः-	कुल 06 किता	6.226	0.637	

भूमि के नक्शे (प्लान) आदि का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व) बैरसिया, जिला भोपाल के कार्यालय में किया जा सकता है।

(प्रियंक मिश्रा)
कलेक्टर जिला भोपाल एवं समुचित सरकार
मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

जी-20619/26 — मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार